***अनुबंध 1.1***
(पैरा 1.1 और 1.3)

भारत का राजपत्र : असाधारण भाग II - खण्ड 3- उप-खण्ड (ii)

**वित्त एवं कम्पनी कार्य मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**
नई दिल्ली, नवम्बर 1, 2002

का.आ. 1161 (अ).-राष्ट्रपति द्वारा जारी किया गया निम्नलिखित आदेश सार्वजनिक जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :-

**आदेश**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 और वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, (1951 का 33) के उपबंधों के अनुसरण में राष्ट्रपति एक वित्त आयोग का गठन करते हैं, जिसमें आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल डा. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में निम्नलिखित तीन अन्य सदस्य शामिल होंगे, अर्थात :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोमपाल, सदस्य, योजना आयोग | सदस्य (अंशकालिक) |
| 2. | श्री टी. आर. प्रसाद, भारतीय प्रशासनिक सेवा, (सेवानिवृत्त) भूतपूर्व मंत्रिमंडल सचिव, भारत सरकार | सरकारी सदस्य |
| 3. | प्रो. डी. के. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान | सदस्य |
| 4. | श्री जी. सी. श्रीवास्तव, भारतीय प्रशासनिक सेवा | सचिव |

2. चौथे सदस्य के लिए अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी।

3. आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य अपने पदग्रहण की तारीख से 31 जुलाई, 2004 तक पद धारण करेंगे।

4. आयोग निम्नलिखित विषयों के संबंध में सिफारिश करेगाः-

(i) संघ और राज्यों के बीच करों की निवल आय, जो संविधान के अध्याय 1 के अधीन उनके बीच विभाजित किए जाने हैं अथवा किए जाएं, वितरण और राज्यों के बीच ऐसी आय से संबंधित हिस्से का आबंटन;

(ii) वह सिद्धांत, जिन्हें भारत की समेकित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता-अनुदान और उन राज्यों, जिन्हें अनुच्छेद 275 में, अनुच्छेद 275 के खण्ड (i) के उपबंधों में निर्दिष्ट प्रयोजनों को छोड़कर अन्य प्रयोजनों के लिए यथाप्रदत्त उनके राजस्वों को सहायता-अनुदान द्वारा सहायता की आवश्यकता है; को अदा की जाने वाली राशि का नियंत्रण करना चाहिए;

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों तथा नगरपालिकाओं के संसाधनों में वृद्धि करने के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

5. आयोग केन्द्र और राज्यों के वित्त की स्थिति की समीक्षा करेगा तथा एक योजना का सुझाव देगा, जिसके द्वारा सरकारें, सामूहिक रूप से तथा अलग-अलग लोक वित्त की पुनर्संरचना कर सकें ताकि बजटीय संतुलन पुनःस्थापित किया जा सके, बृहत आर्थिक स्थिरता तथा उचित वृद्धि के साथ कर्ज की कमी करने के इच्छित लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

6. आयोग सिफारिशें करने में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित को भी ध्यान में रखेगा, अर्थात :

(i) कराधान के स्तर तथा वर्ष 2003-04 के अंत में प्राप्त किए जाने वाले कर-भिन्न राजस्वों के स्तर के आधार पर 1 अप्रैल, 2005 से प्रारंभ होने वाले 5 वर्षों के लिए केन्द्र सरकार के संसाधन;

(ii) केन्द्र सरकार के संसाधन विशेषतः नागरिक प्रशासन, रक्षा, आन्तरिक तथा सीमा सुरक्षा, ऋण-शोधन तथा अन्य वचनबद्ध व्यय और देयताओं के कारण उत्पन्न मांगें;

(iii) कराधान के स्तर तथा वर्ष 2003-04 के अंत में प्राप्त किए जाने वाले कर-भिन्न राजस्वों के स्तर के आधार पर 1 अप्रैल, 2005 से प्रारंभ होने वाले 5 वर्षों के लिए केन्द्र सरकार के संसाधन;

(iv) न केवल सभी राज्यों तथा केन्द्र के राजस्व पर आय तथा व्यय को संतुलित करने का उद्देश्य रखना बल्कि पूंजी निवेश के लिए अतिरिक्त अधिशेष उत्पन्न करना तथा राजकोषीय घाटा कम करना;

(v) केन्द्र तथा प्रत्येक राज्य सरकार के लक्ष्यों, यदि कोई हो, के लिए कराधान प्रयास और कर-सकल घरेलू उत्पाद और कर-सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुपात को सुधारने के लिए अतिरिक्त राजस्व संग्रहण की संभावना, जैसी भी स्थिति हो;

(vi) पूंजी परिसंपत्तियों के अनुरक्षण और रखरखाव के वेतन-भिन्न संघटक पर होने वाला व्यय और योजना स्कीमों पर मजदूरी-भिन्न संबंधी अनुरक्षण व्यय 31 मार्च, 2005 तक पूरा किया जाना है, (और वे मापदण्ड जिनके आधार पर पूंजीगत परिसंपत्तियों के अनुरक्षण हेतु विशिष्ट धनराशि की सिफारिश की जाती है और ऐसे व्यय के अनुवीक्षण का तरीका);

(vii) विभिन्न उपायों, जिनमें प्रयोक्ता प्रभारों का समायोजन और निजीकरण अथवा विनिवेश के जरिए कम-प्राथमिकता के उद्यमों को छोड़ना भी शामिल है, के माध्यम से राज्यों में सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, विभागीय उपक्रमों, सरकारी क्षेत्र के उद्यमों इत्यादि की वाणिज्यिक क्षमता को सुनिश्चित करने की आवश्यकता।

7. विभिन्न मामलों पर अपनी सिफारिशें करते समय, आयोग ऐसे सभी मामलों में जहां करों और शुल्कों तथा सहायता-अनुदान के अन्तरण का निर्धारण करने के लिए जनसंख्या एक कारक हो, वहां वर्ष 1971 के जनसंख्या आंकड़ों को आधार बनाएगा।

8. आयोग ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई राजकोषीय सुधार सुविधा की समीक्षा करेगा और इसके उद्देश्यों को कारगर ढंग से पूरा करने के लिए उपाय सुझाएगा।

9. आयोग 31 मार्च, 2004 तक की स्थिति के अनुसार, राज्यों की ऋण संबंधी स्थिति का आकलन करने के बाद बृहत्-आर्थिक स्थिरता और ऋण की वहनीयता के अनुरूप ऐसे सुधारात्मक उपायों का, जो वह आवश्यक समझे, सुझाव दे सकता है। अनुशंसित किए गए ऐसे उपाय मानव विकास तथा निवेश वातावरण के क्षेत्रों में राज्यों के निष्पादन को महत्वपूर्ण बनाएंगे।

10. आयोग राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि तथा आपदा राहत निधि के संदर्भ में आपदा प्रबंधन के वित्तपोषण से संबंधित वर्तमान व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सकता है तथा उन पर उपयुक्त सिफारिशें कर सकता है।

11. आयोग अपने निष्कर्षों का आधार निर्दिष्ट करेगा और राज्य-वार प्राप्तियों तथा व्यय के अनुमान उपलब्ध कराएगा।

12. आयोग 1 अप्रैल, 2005 से आरंभ होने वाली पांच वर्षों की अवधि को शामिल करते हुए 31 जुलाई, 2004 तक अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा।

ह./-
(डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम)
भारत के राष्ट्रपति

[संख्या 10(13)-बी.(एस)/2002]
धीरेन्द्र स्वरूप, अपर सचिव (बजट)

***अनुबंध 1.2***
(पैरा 1.1)

भारत का राजपत्र : असाधारण भाग II- खण्ड 3 (ii) में प्रकाशनार्थ

**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 30 जून, 2003

का.आ. 749 (अ).-राष्ट्रपति द्वारा जारी निम्नलिखित आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाना है :-

**आदेश**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 और वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, (1951 का 33) के उपबंधों और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-ii, खंड 3(ii) में 1 नवम्बर, 2002 के का. आ. 1161(अ), के तहत प्रकाशित 1 नवम्बर, 2002 के आदेश के पैरा 2 के अनुसरण में राष्ट्रपति श्री जी. सी. श्रीवास्तव, जो उक्त आदेश द्वारा गठित वित्त आयोग में सचिव हैं, को 1 जुलाई 2003 से 31 जुलाई 2004 तक वित्त आयोग के सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं और उक्त आदेश में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :-

2. उक्त आदेश में, पैरा 3 में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा अर्थात् :-

"परन्तु सचिव 30 जून, 2003 तक अपने पद पर बने रहेंगे"

ह./-
(डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम)
भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली
दिनांक 30 जून, 2003

संख्या 10(1)-बी.(एस)/2003

ह./-
**(धीरेन्द्र स्वरूप)**
अपर सचिव (बजट)

***अनुबंध 1.3***
(पैरा 1.1)

**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2004**

**का.आ. 771 (अ).**-राष्ट्रपति द्वारा जारी निम्नलिखित आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाना है :-

**आदेश**

जबकि श्री सोमपाल को भारत सरकार, वित्त तथा कंपनी कार्य मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1161(अ) दिनांक 1 नवम्बर,2002 के साथ प्रकाशित आदेश से राष्ट्रपति द्वारा गठित बारहवें वित्त आयोग का सदस्य (अंशकालिक) नियुक्त किया गया था ;

और जबकि श्री सोमपाल ने सदस्य (अंशकालिक) के रूप में त्यागपत्र दे दिया है और राष्ट्रपति ने उक्त त्यागपत्र दिनांक 14 मई, 2004 से सहर्ष स्वीकार कर लिया है ;

अतः अब वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध)अधिनियम, 1951(1951 का 33) की धारा 3 से 6 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के अनुपालन में, राष्ट्रपति, श्री सोमपाल के स्थान पर डा0 शंकर एन. आचार्य को वित्त आयोग के सदस्य (अंशकालिक) के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं और दिनांक 1 नवम्बर, 2002 के आदेश संख्या का.आ.1161(अ) में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात :-

भारत सरकार की दिनांक 1 नवम्बर, 2002 की अधिसूचना संख्या का.आ.1161(अ) के साथ प्रकाशित आदेश में पैराग्राफ 1 में, क्रम संख्या 1 और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :-

"1. डा0 शंकर एन. आचार्य सदस्य (अंशकालिक)"

2. डा0 शंकर एन. आचार्य कार्यभार संभालने की तारीख से 31 दिसम्बर, 2004 तक पद पर बने रहेंगे।

ह0/
**(डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम)**
भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली,
दिनांक 01 जुलाई,2004

[फाइल सं.10(3)-बी(एस)/2004]
के0 एस0 मेनन, संयुक्त सचिव

***अनुबंध 1.4***
(पैरा 1.2)

**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2004**

**का.आ. 770 (अ).**-राष्ट्रपति द्वारा जारी निम्नलिखित आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाना है :-

**आदेश**

वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951(1951 का 33) की धारा 6 और 8 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के अनुपालन में, राष्ट्रपति एतद्द्वारा निर्दिष्ट करते हैं कि :

(i) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय तथा कंपनी कार्य (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना का.आ. संख्या 1161(अ) दिनांक 1 नवम्बर, 2002 में प्रकाशित दिनांक 1 नवम्बर, 2002 के आदेश में -

(क) पैराग्राफ 3 में अंकित '31 जुलाई, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों को '31 दिसम्बर, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों से प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

(ख) पैराग्राफ 12 में अंकित '31 जुलाई, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों को '30 नवम्बर, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों से प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

(i) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना का.आ. संख्या 749(अ) दिनांक 30 जून, 2003 में प्रकाशित दिनांक 30 जून, 2003 के आदेश में, पैराग्राफ 1 में अंकित '31 जुलाई, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों को '31 दिसम्बर, 2004' के शब्दों, अंकों तथा अक्षरों से प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

ह0/
**(डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम)**
भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली
दिनांक 01 जुलाई, 2004

[फाइल सं.10(1)-बी(एस)/2004]
के0 एस0 मेनन, संयुक्त सचिव

**टिप्पणी:-** यह मुख्य आदेश दिनांक 1 नवम्बर, 2002 के भारत के राजपत्र का. आ. 1161(अ) द्वारा प्रकाशित किया गया था और उसके बाद दिनांक 30 जून, 2003 की अधिसूचना सं0 का.आ.749 (अ) द्वारा संशोधित किया गया था तथा जिसे दिनांक 2 जुलाई, 2003 के भारत के राजपत्र के भाग-II खण्ड-3 (ii) में प्रकाशित किया गया था।

***अनुबंध 1.5***
(पैरा 1.4)

भारत के राजपत्र, असाधारण [भाग II खण्ड- 3(ii)]

**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2003

**सा.का. 1263 (अ)** राष्ट्रपति द्वारा जारी निम्नलिखित आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता हैः-

**आदेश**

वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951(1951 का 33) की धारा 6 तथा 8 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के अनुसरण में, राष्ट्रपति एतद्‌द्वारा भारत सरकार के वित्त एवं कंपनी कार्य मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) के आदेश सं. 1161(अ) दिनांक 1 नवम्बर, 2002 के द्वारा प्रकाशित दिनांक 1 नवम्बर, 2002 के आदेश में आगे और संशोधन करने का निदेश देते हैं, अर्थात्‌ :-

उक्त आदेश में पैराग्राफ 10 के पश्चात्‌ निम्नलिखित पैराग्राफ जोड़ा जाएगा, अर्थात्‌ :-

"10 क. आयोग निम्नलिखित मामलों के बारे में भी अनुशंसाएं करेगाः-

(ii) क्या संविदात्मक प्रावधानों के कारण उद्‌भूत, संघ को पेट्रोलियम से प्राप्त लाभ की कर-भिन्न आय को उन राज्यों के साथ बांटा जाना चाहिए जहां खनिज तेलों का उत्पादन होता है ; तथा

(ii) अगर हाँ, तो किस सीमा तक।'

ह./-
**(डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम)**
भारत के राष्ट्रपति

नई दिल्ली
दिनांक 31 अक्तूबर, 2003

[नं. 10 (4)-बी.(एस.)/2003]
**धीरेन्द्र स्वरूप,** अपर सचिव (बजट)

***अनुबन्ध 1.6***
(पैरा 1.5)

**स्वीकृत पद**

| क्र.सं. | पद का नाम | वेतनमान | पदो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सचिव (30.6.2003 तक) | 26000(नियत) | 1 |
| 2. | संयुक्त सचिव | 18400-22400 | 2 |
| 3. | आर्थिक सलाहकार | 18400-22400 | 1 |
| 4. | निदेशक | 14300-18300 | 4 |
| 5. | संयुक्त निदेशक | 12000-16500 | 3 |
| 6. | चेयरमैन के निजी सचिव | 12000-16500 | 1 |
| 7. | उप-निदेशक | 10000-15200 | 6 |
| 8. | प्रधान निजी सचिव/अपर निजी सचिव | 10000-15200 | 5 |
| 9. | पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सूचना अधिकारी | 10000-15200 | 1 |
| 10. | सहायक निदेशक | 8000-13500 | 12 |
| 11. | प्रशासन व लेखाधिकारी | 8000-13500 | 1 |
| 12. | अधीक्षक/एसएएस लेखा | 6500-10500 | 1 |
| 13. | आशुलिपिक ग्रेड "बी " | 6500-10500 | 7 |
| 14. | आर्थिक अन्वेषक ग्रेड-1 | 6500-10500 | 12 |
| 15. | सहायक | 5500-9000 | 4 |
| 16. | खजांची | 5500-9000 | 1 |
| 17. | आशुलिपिक ग्रेड "सी " | 5500-9000 | 12 |
| 18. | हिन्दी आशुलिपिक | 5500-9000 | 1 |
| 19. | आर्थिक अन्वेषक ग्रेड 'I' | 5000-8000 | 2 |
| 20. | आशुलिपिक ग्रेड "डी " | 4000-6000 | 9 |
| 21. | उच्च श्रेणी लिपिक | 4000-6000 | 3 |
| 22. | कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर (ग्रेड बी/ग्रेड डी) | 4000-6000<br>5500-9000<br>4500-7000 | 7 |
| 23. | टेलीफोन ऑपरेटर | 3050-4590 | 2 |
| 24. | हिन्दी टंकक | 3050-4590 | 1 |
| 25. | अवर श्रेणी लिपिक/टंकक | 3050-4590 | 8 |
| 26. | स्टाफ कार चालक | 3050-4590 | 6 |
| 27. | स्कूटर ड्राइवर | 3050-4590 | 1 |
| 28. | वरिष्ठ गेस्टनेटर संचालक | 3050-4590 | 1 |
| 29. | दफ्तरी | 2610-4000 | 3 |
| 30. | जमादार (वरिष्ठ चपरासी) | 2610-4000 | 6 |
| 31. | चपरासी/संदेशवाहक | 2550-3200 | 17 |
| | **योग** | | **141** |

***अनुबंध 1.7***
(पैरा 1.5)

**कार्यकारियों की सूची**

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | डा. सी. रंगराजन |
| सदस्य | श्री टी.आर. प्रसाद, प्रो. डी.के. श्रीवास्तव |
| अंशकालिक सदस्य | श्री सोम पाल (14.5.2004 को इस्तीफा), डॉ. शंकर एन. आचर्य (1.7.2004 से प्रभावी) |
| सदस्य सचिव | डॉ. जी.सी. श्रीवास्तव ( 30.6.2003 तक सचिव और उसके बाद सदस्य सचिव) |
| संयुक्त सचिव | श्री आर. रामानुजम, आइएएस (एमपीः79) श्री आर.एन. चौबे,आईएएस (टीएनः81) |
| आर्थिक सलाहकार | डॉ. जे.वी.एम. शर्मा |
| निदेशक | श्रीमतसी मधूलिका पी. शुक्ल, श्री सुब्रता धर, श्री जे.डी. हजेला, श्री जे. विल्सन ( 2.7.2004 तक) और श्रीमती शीला प्रसाद (2.8.2004 से प्रभावी) |
| संयुक्त निदेशक | श्री एस.वी. रामामूर्ति, श्री राजीव मिश्र और श्री गौतम नरेश (6.8.2004 तक) |
| अध्यक्ष के निजी सचिव | मिस. सुशीला पंजवानी |
| उप-निदेशक | श्री आर.एस. नेगी, डॉ. वी.एन. आलोक, डॉ. ओ.पी. बोहरा, श्री दीपक इसरानी, श्री संयासी प्रधान, और श्री राकेश शर्मा |
| प्रधान निजी सचिव | श्री योगेश शर्मा, श्री यादवेन्द्र सिंह, मिस. अनीता दहारा और श्री पी.आर. गाँधी (30.7.2004 तक) |
| पुस्तकालयाध्यक्ष और सूचना अधिकारी | श्री जी.डी. पाणिग्रही |
| सहायक निदेशक | श्री हेम राज, श्री एल.वी. रमन, श्री टी.के. अरोरा, श्री के.सी.राठौर , श्री जे.के. राठी, श्री गुलशेर अली, श्री जगत हजारिका, श्री के अरविंदक्षण, श्री जसविंदर सिंह, डॉ. सुमित्रा चौधरी (26.9.2003 तक) और श्री एच.एस भल्ला (20.10.2003 तक) |
| प्रशासन व लेखा अधिकारी | श्री एस.डी. शर्मा |
| आर्थिक अन्वेषक ग्रेड I/II | श्री ए.के. सिन्हा (ग्रेड I), श्री ए.एल. बैरवा (ग्रेड I),श्री ए.के. दूबे (ग्रेड I), मिस. शशि बाला (ग्रेड I), श्री बी.एल. मीना (ग्रेड I), श्री आर.के. पुरी (ग्रेड I), श्री अजय रावत (ग्रेड I), मिस. लक्ष्मी गुप्ता (ग्रेड I) (20.9.2003 तक), श्री एन.एस. बोरा (ग्रेड I) (13.8.2004 तक) और श्री के.एम. कृष्णन(ग्रेड II), |
| अधीक्षक/एसएएस लेखा | श्री हरविन्द सिंह छाबड़ा |
| आशुलिपिक ग्रेड "बी " | श्री के.एन. कोहली, श्री सी.एस छाबड़ा, श्री धीरज कुमार, श्री रघु कुमार, श्री ओम प्रकाश, श्री सत्येन्द्र किशोर, श्री एच.सी धवन (17.12.2003 तक ) और श्री डी.एस. रावट (2.4.2003 तक) |
| सहायक | मिस. डी. माला, श्री के.सी बिसवाल, श्री जितेन्द्र कुमार (12.9.2003 तक) और श्री पी.एन सान्याल (7.5.2004 तक) |
| खजांची | श्री पी.एस. बेदी |
| आशुलिपिक ग्रेड "सी" | श्री राजीव सेठी, मिस. अरविंदर कौर, मिस. सुमन दूबे, श्री शिव के. शर्मा, श्री संदीप बजाज और श्री यू.के. कुट्टी |
| आशुलिपिक ग्रेड "डी " | मिस. हिमानी नानगिया, मिस. कविता गौतम,मिस. कविता शर्मा, श्री शीतल कुमार, मिस. अंजू मंडवाल और मिस. वंदना बतरा (29.6.2004 को इस्तीफा) |

| | |
|---|---|
| अपर श्रेणी लिपिक | श्री विपिन जुयाल, श्री जगदीश चन्द शर्मा और श्री चन्द्र शेखर (21.9.2004 तक) |
| कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर | मिस. शीला राना (ग्रेड "बी "), श्री ऋतेश कुमार (ग्रेड "बी "), श्री मुकेश शर्मा (ग्रेड "बी ") श्री मनीश देव (ग्रेड "डी ") और मिस. ममता सेमवाल (कम्प्यूटर) |
| शोध सहयोगी | मिस. आस्था अहूजा (आरए-I) (13.7.2004 को इस्तीफा) श्री पी.सी. परीदा,आरए-II (28.1.2004 को इस्तीफा) श्री सुरजीत दास, आरए-III, श्री ब्रह्मा रेड्डी, आरए-III (17.6.2004 को इस्तीफा), मिस. अन्ना जे. मथाई, आरए-IV, मिस. पुष्पांजलि प्रधान, आरए-IV, मिस. दिबांजलि चक्रवर्ती, आरए (30.9.2004 को पदमुक्त), मिस. पूनम त्रिपाठी,आरए, मिस. पूनम सिंह, आरए, मिस. अंजलि वोहरा, आरए और श्री नलिन भारती, आरए |
| टेलीफोन ऑपरेटर | मिस.अनुभा सूद |
| हिन्दी टंकक | श्री सत्यवीर सिंह |
| अवर श्रेणी लिपिक | श्री संजय कुमार, श्री श्याम लाल, श्री बाला दत्त, श्री वरुण कुमार, मिस. पूनम पांडेय और श्री संजीव पंवार (27.2.2003 तक) |
| स्टाफ कार ड्राइवर | श्री एन.सी. राना, श्री दिलीप कुमार,श्री नेतराम, श्री राज कुमार, श्री जयमूर्ति, श्री गंगा राम सिंह और श्री योगिन्दर नागपाल (16.6.2004) |
| स्कूटर ड्राइवर | श्री रंजीत कुमार और श्री अनुसूया प्रसाद (10.2.2004 तक) |
| दफ्तरी | श्री सुरेन्द्र कुमार |
| वरिष्ठ चपरासी | श्री हरिकिशन, श्री भागवत सिंह |
| चपरासी | श्री बबलू कुमार, श्री परमजीत सिंह, श्री रजत, श्री जगन्नाथ, श्री संजीत कुमार, श्री गनेश शंकर, श्री कालीचरण, श्री मुरुगेषन, श्री संजय कुमार, श्री मोहम्मद रज्जाक, श्री सुन्दर सिंहस, श्री एच.सी. पाण्डेय, श्री रामफल प्रजापति, श्री राजेश कुमार, श्री प्रियपाल सिंह, श्री सुनील कुमार, श्री आर. मीना, श्री अनूप कुमार और श्री मुनीश कुमार |
| परामर्शदाता | मिस. अमृता रंगास्वामी, श्री जी. गणेश, श्री एम.के. साहू, और श्री सुमेर चंद गुप्ता । |

*अनुबंध 1.8*
(पैरा 1.9)

**भारत के वित्त आयोग की स्वर्ण जयन्ती**
**स्थानः विज्ञान भवन, नई दिल्ली**
**9-10 अप्रैल, 2003**

**भाग लेने वालों की सूची**

**राज्यों के वित्त मंत्रियों का सम्मेलन**

1. श्री एन.डी. तिवारी, मुख्यमंत्री, उत्तरांचल,
2. श्री तरुण गोगोई, मुख्यमंत्री, असम
3. श्री इबोबी सिंह, मुख्यमंत्री, मणिपुर
4. श्री जोरामथंगा, मुख्यमंत्री, मिजोरम
5. श्री डॉ. डोंकुपार राय, उप-मुख्यमंत्री, मेघालय
6. श्री वजुभाई वाला, वित्तमंत्री, गुजरात
7. डॉ. असीमदास गुप्ता, वित्तमंत्री, पश्चिम बंगाल
8. श्री जयंत पाटिल, वित्तमंत्री, महाराष्ट्र
9. श्री लालजी टंडन, आवास एवं विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश
10. सुश्री चन्द्रेश कुमारी, मंत्री, हिमाचल प्रदेश
11. श्री पद्युम्न सिंह, वित्तमंत्री, राजस्थान
12. श्री रीमा तैपोडिया, वित्त राज्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश
13. डॉ. रामचन्द्र सिंह देव, वित्तमंत्री, छत्तीसगढ़
14. श्री मुजफ्फर हुसैन बेग, वित्तमंत्री, जम्मू-कश्मीर
15. श्री बादल चौधरी, वित्तमंत्री, त्रिपुरा
16. श्री पंचानन कानूनगो, वित्तमंत्री, उड़ीसा
17. श्री जगदानन्द सिंह, जल संसाधन मंत्री, बिहार
18. श्री केवेखापे थैरी, वित्तमंत्री, नागालैंड
19. श्री एस.के. अरोरा, प्रधान सचिव, वित्त, आन्ध्रप्रदेश
20. श्री चन्द्र सिंह, प्रधान सचिव, वित्त, हरियाणा
21. श्री सुधा पिल्लई, प्रधान सचिव, वित्त कर्नाटक

**पूर्व वित्त आयोगों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ बौद्धिक संवर्धन सत्र**

**छठा वित्त आयोग**

1. श्री जी. रामचन्द्रन, सदस्य सचिव
2. डॉ. बी.एस. मिन्हास, सदस्य

**सातवाँ वित्त आयोग**

1. डॉ. सी.एच. हनुमन्त राव, सदस्य
2. श्री वी.बी. ईश्वरन, सदस्य सचिव

**आठवाँ वित्त आयोग**

1. डॉ. सी.एच. हनुमन्त राव, सदस्य
2. श्री जी.सी. बवेजा, सदस्य
3. न्यायाधीश टी.पी.एस. चावला, सदस्य

**नौवाँ वित्त आयोग**

1. श्री एन.के.पी. साल्वे, अध्यक्ष
2. न्यायाधीश ए.एस. कुरेशी, सदस्य
3. श्री महेश प्रसाद, सदस्य सचिव

**दसवाँ वित्त आयोग**

1. श्री बी.पी.आर. विठल, सदस्य
2. श्री एम.सी. गुप्ता, सदस्य सचिव
3. श्री अरुण सिन्हा, सदस्य सचिव

**ग्यारहवाँ वित्त आयोग**

1. श्री एन.सी. जैन, सदस्य
2. श्री जे.सी. जेटली, सदस्य
3. डॉ. अमरेश बागची, सदस्य
4. श्री टी.एन. श्रीवास्तव, सदस्य सचिव

***अनुबंध 1.9***
(पैरा 1.10)

**कार्यविधि के नियम**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (4) तथा वित्त् आयोग (विविध उपबंध) अधिनियम 1951(1951 के XXXIII) की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बारहवाँ वित्त आयोग अपनी कार्यविधि तय करने के लिए निम्नलिखित नियम निर्धारित करता है:-

1. आयोग की औपचारिक बैठकें जब कभी आवश्यक होगा, साक्ष्य प्राप्त करने के लिए तथा या केन्द्र तथा राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों तथा अन्य सार्वजनिक निकायों तथा व्यक्तियों से मिलने के लिए आयोजित की जाएंगी । ऐसी बैठकों का समय और स्थान सचिव द्वारा अध्यक्ष और सदस्यों की सुविधा के अनुरूप निश्चित किया जाएगा ।

2. आयोग की आंतरिक बैठकें अनौपचारिक होंगी ।

3. आयोग की सभी बैठकें निजी सत्र में होंगी ।

4. बैठकें साधारणतया इस प्रकार आयोजित की जाएंगी कि सभी सदस्य उपस्थित हों । यदि, अपरिहार्य कारणों से कोई सदस्य उपस्थित नहीं हो सकता है तो बैठकें कम से कम अध्यक्ष सहित तीन सदस्यों के उपस्थित होने पर आयोजित की जा सकती हैं। यदि, किसी कारण से अध्यक्ष बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ हो तो वे किसी एक सदस्य को अध्यक्षता के लिए नामित कर सकते हैं ।

5. आयोग की बैठकों में ऐसे अधिकारी उपस्थित होंगे जिन्हें अध्यक्ष के परामर्श से सचिव द्वारा ऐसा निदेश दिया जाए ।

6. औपचारिक बैठकों की कार्यवाही के कार्यवृत्त सचिव द्वारा कार्यवृत्त पुस्तिका के रूप में रखे जाएंगे और सदस्यों को परिचालित किए जाएंगे । कार्यवृत्त को आयोग की अगली बैठक में पुष्टि के लिए प्रस्तुत किया जाएगा ।

7. आयोग की औपचारिक बैठकों की कार्यवाही का शब्दश: रिकार्ड साधारणतया नहीं रखा जाएगा । जब शब्दश: रिकार्ड नहीं रखा जाएगा बैठक की कार्यवाहियों का सारांश सचिव द्वारा या सचिव के निर्देशन के अंतर्गत शीघ्र अति शीघ्र तैयार किया जाएगा और आयोग के सदस्यों को परिचालित किया जाएगा । जब शब्दश: रिकार्ड रखा जाए तब उसे अंतिम रूप में रिकार्ड करने से पहले प्रत्येक साक्षी को उससे संबंधित भाग भेजा जाएगा ।

8. स्टाफ के किसी भी सदस्य द्वारा अध्यक्ष या सचिव के निदेशन के बिना बैठकों से संबंधित या आयोग के कार्य के बारे में सूचना प्रैस को नहीं दी जाएगी ।

9. आयोग के सचिव अध्यक्ष के सामान्य निदेशन के अन्तर्गत आयोग के कार्यालय का सम्पूर्ण कार्यभार संभालेंगे और इसके उचित रूप से कार्य के लिए आयोग के प्रति उत्तरदायी होंगे ।

10. औपचारिक रिपोर्ट के अतिरिक्त आयोग के सारे पत्र-व्यवहार पर उचित रूप से अध्यक्ष या सचिव द्वारा (या सचिव द्वारा उनकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी जिनका स्तर उप सचिव से कम न हो) हस्ताक्षरित होना चाहिए, किन्तु आयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने के अभिप्राय वाला पत्र-व्यवहार बिना इसके मंजूरी के जारी नहीं किया जाएगा ।

11. सचिव आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों की सेवाओं से संबंधित नियम तथा शर्तों से संबंधित सारे पत्र-व्यवहार या प्रस्ताव या ऐसे मामले जो उनसे संबंधित हैं आयोग को प्रस्तुत करेंगे । ऐसे मामलों में केवल आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों, जो भी उपयुक्त हो, के परामर्श से कारवाई की जाएगी ।

12. सचिव आयोग के महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित कार्य के बारे में समय-समय पर आयोग को सूचित करेंगे ।

13. आयोग के राजपत्रित पदों पर जहाँ कहीं मंत्रिमंडल की अनुमति की आवश्यकता हो उसके अतिरिक्त अन्य सरकारी या सरकारी विभागों से स्थानांतरण सहित सभी नियुक्तियाँ सचिव द्वारा की जाएंगी । वे नियुक्तियाँ जिनके लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के अनुमोदन की आवश्यकता है अथवा परामर्शदाताओं की नियुक्तियाँ अध्यक्ष के मनुमोदन से की जाएंगी ।

14. नियम 13 में उल्लेख किए गए स्टाफ के अतिरिक्त, सरकारी या सरकारी विभागों से स्थानांतरण पर आने वाले स्टॉफ सहित अन्य स्टॉफ की नियुक्ति सचिव द्वारा या सचिव द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जिनका स्तर उपसचिव से कम न हो द्वारा की जाएगी ।

15. नियम 13 तथा 14 में दिए गए उपबंध इस शर्त के अधीन होंगे कि आयोग के सदस्यों के लिए वैयक्तिक स्टॉफ की नियुक्ति से संबंधित सदस्य से परामर्श किया जाएगा ।

16. सचिव द्वारा राजपत्रित अधिकारी का नियमित या आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है । अराजपत्रित स्टॉफ के बारे में अवकाश सचिव द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जिनका स्तर उपसचिव से कम न हो द्वारा स्वीकृत किया जाएगा । आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों के वैयक्तिक स्टॉफ का अवकाश स्वीकृत करने से पहले विधिवत परामर्श किया जाए ।

17. आयोग का बजट और संशोधित अनुमान सचिव द्वारा वित्त मंत्रालय को भेजने से पहले आयोग को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

18. आयोग को प्राप्त हाने वाले सभी पत्राचार जो ऐसे मामलों से संबंधित हैं जिनपर रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है । आयोग को प्रस्तुत की गई सारी सामग्री और आयोग की बैठकों में होने वाली सम्पूर्ण चर्चा गोपनीय मानी जाएगी ।

***अनुबंध 1.10***
(पैरा 1.11)

**अर्थशास्त्रियों एवं आर्थिक प्रशासकों के साथ बैठक में भाग लेने वालों की सूची**

**दिल्ली (18.02.2003)**

1. डॉ. शंकर एन. आचार्य
2. डॉ. जे.एल. बजाज
3. प्रो. बी.बी. भट्टाचार्य
4. प्रो. एस. गंगोपाध्याय
5. डॉ. जनक राज गुप्ता
6. डॉ. ओम प्रकाश माथुर
7. प्रो. पी.एन. मेहरोत्रा
8. डॉ. सी.एस. मिश्र
9. डॉ. सुदीप्तो मुंडले
10. प्रो. पुलिन नायक
11. डॉ. महेश पुरोहित
12. प्रो. इन्दिरा राजारमन
13. डॉ. नारायण सिन्हा
14. डॉ. अतुल शर्मा
15. डॉ. ए.के. सिंह
16. डॉ. तापस सेन
17. डॉ. चरण वधवा

**चेन्नई (10.3.2003)**

1. डॉ. पॉल अप्पास्वामी
2. श्री पी.के.विस्वास
3. प्रो. राजा जे. चेलैया
4. श्री. के.के. जार्ज
5. श्री के. कृष्णामूर्ति
6. प्रो. एम.ए. ऊमेन
7. प्रो. हेमलता राव
8. श्री टी.एल.शंकर
9. प्रो. यू. शंकर
10. प्रो. जे.वी.एम.शर्मा
11. श्री नारायण वल्लूरी
12. श्री एस. वेंकटरमन

**मुम्बई (17.4.2003)**

1. प्रो. वी. चित्रे
2. डॉ. सी.एस. देशपाण्डे
3. डॉ. पी.वी. श्री निवासन
4. डॉ. अशीमा गोयल
5. प्रो. ए. कार्निक
6. डॉ. आर.एच. ढोलकिया
7. डॉ. टी.टी. राम मोहन
8. डॉ. वी.ए. पई पनाण्डीकर
9. डॉ. आर. कन्नन
10. श्री एस.एस. तारापोर

**कोलकाता (8.5.2003)**

1. श्री डी बन्दोपाध्याय
2. प्रो. श्रीनाथ बरुआ
3. श्री अमिताभ बोस
4. प्रो. दीपांकर कूण्डू
5. श्री एच.एन. दास
6. प्रो. दीपांकर दासगुप्ता
7. प्रो. मधुसूदन दत्त
8. प्रो. प्रदीप मैती
9. प्रो. सुगाता मारजीत
10. प्रो. ए.पी. मोहन्ती
11. श्री एस.पी. पाधी
12. प्रो. मिहिर के. रक्षित
13. प्रो. सुजीत एस. सिकदर
14. डॉ. अमिताभ सिन्हा
15. डॉ. राजकुमार सेन
16. डॉ. के.एन.तिवारी

*अनुबंध 1.11*
**(पैरा 1.12)**

**सार्वजनिक सूचना**

1 बारहवां वित्त आयोग आम जनता, संस्थाओं और संगठनों से इसके विचारार्थ विषयों से संबंधित मुद्दों पर सुझाव आमन्त्रित करता है।

2. बारहवें वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत डा. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में 1 नवम्बर, 2002 की एक अधिसूचना के तहत किया गया। आयोग 1 अप्रैल, 2005 से आरम्भ होने वाले पांच वर्ष की अवधि के संबंध में निम्नलिखित मामलों पर सिफारिशें देगा :-

(i) केन्द्र और राज्यों के बीच संविधान के अध्याय I भाग XII के अधीन उनके बीच वितरित किए जाने वाले अथवा वितरित किए जा सकने वाले करों की निवल प्राप्तियो का वितरण और इन प्राप्तियों के सम्बन्धित हिस्सों का राज्यों के बीच आवंटन;

(ii) भारत की समेकित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान तथा संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन, उन प्रयोजनों के अतिरिक्त जिन्हें उस अनुच्छेद के खण्ड (1) के परन्तुकों में विनिर्दिष्ट किया गया है, अन्य प्रयोजनों के लिए उन राज्यों जिन्हें उनके राजस्व के सहायता-अनुदान के रूप में सहायता की आवश्यकता है, को प्रदान की जाने वाली राशि को शासित करने वाले सिद्धान्त; और

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर उस राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संशाधनों के सम्पूर्ण के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

3. आयोग केन्द्र और राज्यों की वित्तीय स्थितियों की पुनरीक्षा करेगा और ऐसी योजना का सुझाव देगा, जिसके द्वारा सरकारें सामूहिक रूप से और अलग-अलग बजटीय संतुलन को बहाल करते हुए, वृहत आर्थिक स्थिरता लाते हुए तथा सम्यक विकास के साथ ऋण में कमी लाते हुए लोक वित्तों का पुनर्गठन कर सकें।

4. अपनी सिफारिशें करने में, आयोग अन्य विचारों के साथ-साथ निम्नलिखित पर विचार करेगा :-

(i) 1 अप्रैल, 2005 को आरम्भ होकर पांच वर्ष के लिए केन्द्र सरकार के संसाधन जिनके कराधान के स्तरों और कर-भिन्न राजस्वों के आधार पर 2003-04 के अंत तक पहुंचने की सम्भावना है;

(ii) केन्द्र सरकार के संसाधनों पर मांग, विशेष रूप से नागरिक प्रशासन, रक्षा, आन्तरिक और सीमा सुरक्षा, ऋण-सोधन तथा अन्य प्रतिबद्ध व्यय और देनदारियां;

(iii) 1 अप्रैल, 2005 से आरम्भ होकर पांच वर्ष के लिए राज्य सरकारों के संसाधन, जिनके कराधान के स्तरों और कर-भिन्न राजस्वों के आधार पर 2003-04 के अंत तक पहुंचने की सम्भावना है;

(iv) न केवल सभी राज्यों और केन्द्र के राजस्व खाते पर प्राप्तियों और व्यय को संतुलित करने अपितु पूंजी निवेश के लिए अधिशेष सृजित करने और राजकोषीय घाटे को कम करने का उद्देश्य;

(v) लक्ष्यों की तुलना में केन्द्र सरकार और प्रत्येक राज्य सरकार के कराधान प्रयास, यदि कोई हों और कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात तथा कर-सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) अनुपात, जैसा भी मामला हो, में सुधार लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त संसाधन संग्रहण की सम्भाव्यता;

(vi) पूंजीगत परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण और देख-रेख के वेतन-भिन्न घटक पर व्यय तथा 31 मार्च 2005 तक समाप्त की जाने वाली आयोजना स्कीमों के संबंध में अनुरक्षण व्यय से संबंधित मजदूरी-भिन्न व्यय तथा वे मानदण्ड जिनके आधार पर पूंजीगत परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण के लिए विशेष राशि की सिफारिश की गई है तथा ऐसा व्यय की निगरानी रखने के ढंग;

(vii) प्रयोक्ता प्रभारों तथा निजीकरण या विनिवेश के माध्यम से गैर-प्राथमिकता वाले उद्यमों के परित्याग सहित विभिन्न उपायों के माध्यम से राज्यों में सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, विभागीय उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों आदि की वाणिज्यिक क्षमता को सुनिश्चित करने की आवश्यकता।

5. विभिन्न मामलों पर अपनी सिफारिशें करने में, आयोग, ऐसे सभी मामलों में जहां करों और शुल्कों तथा सहायता अनुदान के अन्तरण के निर्धारण के लिए जनसंख्या एक कारक है, 1971 की जनसंख्या के आंकड़ों को आधार लेगा।

6. आयोग ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई राजकोषीय सुधार सुविधा की पुनरीक्षा करेगा और इसके उद्देश्यों की प्रभावी प्राप्ति के लिए उपाय सुझाएगा।

7. आयोग 31 मार्च, 2004 की स्थिति के आधार पर राज्यों की ऋण स्थिति का आकलन करेगा और वृहत आर्थिक स्थिरता और ऋण वहनीयता के अनुरूप ऐसे उपाय सुझाएगा, जिन्हें आवश्यक समझा जाए। सिफारिश किए गए इन उपायों से राज्यों को मानव विकास और निवेश माहौल के क्षेत्र में कार्यनिष्पादन में बल मिलेगा।

8. आयोग राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि और आपदा राहत निधि के संदर्भ में आपदा प्रबन्धन के वित्तपोषण के संबंध में वर्तमान व्यवस्थाओं की पुनरीक्षा कर सकता है और उन पर उपयुक्त सिफारिशें कर सकता है।

9. अपने सुझाव सचिव, बारहवां वित्त आयोग, तीसरा तल, लोकनायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली - 110003 को 31 दिसम्बर 2002 से पूर्व भेज दें।

***अनुबन्ध 1.12***
(पैरा 1.12)

**प्रेस नोटिस का उत्तर देने वाले व्यक्ति**

1. श्री एस.डी थोम्बर,
ए1/12, रायल ओर्चार्ड,
ट्विन टावर के पीछे,
वायरलेस कालोनी,
डी.पी. रोड, औंध, पुणे ।

2. श्री यू. अन्नादुराई,
2/105, यादव स्ट्रीट,
मिलायकवाड़ी(पोस्ट आफिस)
पारामाकवाड़ी, रामनाथपुरम,
तमिलनाडु-623707 ।

3. श्री के.सी. मोहंती,
ई-166, जीजीपी कोलोनी,
भुवनेश्वर-751010
उड़ीसा ।

4. श्री बित्रा श्रीनिवासराव,
पी.नं.20-7-25(1),
मुंतावरी सेंटर,
चिराला, आन्ध्र प्रदेश-523155 ।

5. श्री सतीश एल. मौर्य,
गुरु कुरूपा अपार्टमेंट्स,
5/3 द्वितीय तल, बेचर रोड,
नजदीक जीईबी कार्यालय,
वालसाड, गुजरात-396001 ।

6. श्री एन. नागेश्वर राव,
मकान नं. 1-9-129/14, रामनगर,
हैदराबाद-500020,
आन्ध्र प्रदेश ।

7. श्री पी. जयप्रकाश शंकर,
एफ-4, लीन, डिपाट. नं. 869,
प्लांट मकैनिकल, आईटीआई,
दूरवाणीनगर, बंगलौर -560016 ।

8. श्री गौरी शंकर,
एक्सवाईजेड एंड कंपनी,
17/1302, केएमए बिल्डिंग
पुथियारा, कालीकट-4 ।

9. श्री सी.ए. अवाल्कर,
160-ए, आंगनवाणी,
वीपी रोड, गिरगाँव,
मुम्बई-400004 ।

10. श्री आनन्द प्रकाश सिंघल, एमए, बीएससी (कृषि),
एलएलबी एडवोकेट, सी-2 सर्वोदय कालोनी,
जेल चुंगी, मेरठ, उत्तर प्रदेश ।

11. डॉ. वी.के. मुत्थू, एमबीबीएस,
डीपीएच, एमएससी,
जनस्वास्थ्य और पोषाहार विशेषज्ञ,
गाँधीग्राम ग्रामीण संस्थान,
गाँधीग्राम, तमिलनाडु-624302 ।

12. श्री के.पी. सुब्रामण्य,
बंगलोर एमेच्योर रेडियो क्लब,
पोस्ट बाक्स 5053, जीपीओ,
बंगलोर-560001 ।

13. श्री सुभाष टी. कौशीक्कर,
602-ए, अभयंकर रोड,
छोटी धानतोल,
नागपुर-440012,
महाराष्ट्र ।

14. श्री जयेश वी. पोंडा,एमएससी, एमबीए,
103, गीता भवन,
विजय ट्रांसपोर्ट कम्पनी के पीछे,
नारोल, अहमदाबाद-382405 ।

15. डॉ. आर. मेहरोत्रा,
अर्थशास्त्र के सेवामुक्त प्रोफेसर, सागर विश्वविद्यालय,
4/556, मधुकर शाह वार्ड,
"निर्मल निवास " मनोरमा कोलोनी
सागर, मध्य प्रदेश-470001 ।

16. मिस. शालिनी बाला,
एडवोकेट,
(कार्या.) 32, लायर्स चैम्बर,
सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली ।

17. श्री अनिल बंसल, सचिव,
पुनर्वास एवं गृह कार्यों का संघ(एएसएचए),
180 एशियन खेल गाँव,
नई दिल्ली-11049

18. श्री सुनील गुप्ता,
निवेश और वित्त सलाहकार,
आईटीओ के पीछे, माल,
सोलन-173212, मध्य प्रदेश ।

19. श्री वी. आची राजू, एमएससी, सेवानिवृत्त,
प्रधानाचार्य,
विशाखापट्टनम-530011, आन्ध्रप्रदेश ।

20. श्री चंदमल परमार,
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध ट्रस्टी,
कुम. राजश्री परमार,
ममता गुप,289, टिम्बर मार्किट,
महात्मा फूले पेठ, पुणे-411042 ।

21. श्री एम.वी. नारायण,
भूवैज्ञानिक(पूर्व)
डी.नं.80-16-23/3, श्रीनिवास नगर,
एयूए रोड, राजामुन्द्री-533103,
आन्ध्रप्रदेश ।

22. श्री दीपक नारायण,
अध्यक्ष, भारतीय बिल्डिंग कांग्रेस,
सेक्टर-6,आर.के. पुरम,
नई दिल्ली-110022 ।

23. श्री ए.के. कागलकर,
अर्थशास्त्र और सांख्यिकी के पूर्व निदेशक, महाराष्ट्र सरकार, "श्री " अपार्टमेंट, वास्तुकल्प सोसाइटी,
एस.न.676/14, विबावेवाणी,
पुणे-411037 ।

24. श्री आनन्द प्रकाश सिंघल, एडवोकेट,
सी-2, सर्वोदय कोलोनी,
आईटीआई के पीछे, मेरठ,
उत्तर प्रदेश ।

25. श्री आर.डी. चौधरी, अध्यक्ष,
भारतीय मुस्लिम संघ,
मार्फत राष्ट्रीय एतिहासिक प्राकृतिक संग्रहालय,
फिक्की म्यूजियम बिल्डिंग,
बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001 ।

26. डॉ. वी.ए. पई पांडीकर,
अध्यक्ष,
अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा अकादमी,
गोवा ।

27. डॉ. पी.एल. गौतम, उप-कुलपति,
गोबिन्द बल्लभपन्त कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
पन्तनगर, ऊधमसिंह नगर, उत्तरांचल ।

28. डॉ. अरुण नागवेकर, अध्यक्ष,
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
बहादुरशाह जफर मार्ग
नई दिल्ली-110002 ।

29. श्री एन. चन्द्रबाबू नायडू,
मुख्यमंत्री,
आन्ध्रप्रदेश ।

30. श्री मोहम्मद फजल,
महाराष्ट्र के राज्यपाल,
मुम्बई ।

31. लेफ्टीनेंट जनरल (सेवा निवृत्त)
एस.के. सिन्हा, पीवीएसएम, राज्यपाल,
जम्मू-कश्मीर ।

32. कैप्टन अमरेन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री,
पंजाब ।

33. श्री के.पी. जोसफ,
69, काकनाड लेन,
त्रिवेन्द्रम-659004 ।

***अनुबंध 1.13***
***(पैरा 1.13)***

**बारहवां वित्त आयोग**
**जवाहर व्यापार भवन,**
**1, टालस्टाय मार्ग,**
**नई दिल्ली-110 001**
**फोन : 23701110**

**डा. सी. रंगाराजन**
**चेयरमैन**

**डी.ओ.एफ.नं.टीएफसी-11013/2/2003-प्रशा.**

जनवरी 10/15, 2003

जैसा कि आपको विदित है, बारहवें वित्त आयोग का गठन 1 नवम्बर, 2002 के राष्ट्रपति के एक आदेश के द्वारा किया गया था। इस संबंध में आयोग के विचारार्थ विषयों कि अधिसूचना की एक प्रति आपके सूचनार्थ संलग्न है।

2. आप देख सकते हैं कि संवैधानिक अधिदेश के अतिरिक्त, बारहवें वित्त आयोग को केन्द्र और राज्यों की वित्तीय स्थितियों की पुनरीक्षा करना और ऐसी योजना सुझाना अपेक्षित है जिसके द्वारा राज्य सरकारें सामूहिक रूप से और अलग-अलग, बजटीय संतुलन को बहाल करते हुए, वृहत आर्थिक स्थिरता लाते हुए लोक वित्त का पुनर्गठन कर सकें। इसमें सम्यक विकास के साथ ऋण में कमी लाने का उद्देश्य जोड़ा गया है, विचारार्थ विषयों में कतिपय दक्षता कारकों पर बल दिया गया है जैसे कि प्रयोक्ता प्रभारों का समायोजन, निजीकरण या विनिवेश के माध्यम से गैर-प्राथमिकता वाले उद्यमों का परित्याग तथा कर-सकल घरेलू उत्पाद/सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सुधार लाने के उद्देश्य से संसाधनों का जुटाव। इसके अतिरिक्त राज्यों की ऋण स्थिति से सम्बन्धित विचारार्थ विषयों में यह विनिर्दिष्ट है कि बारहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए सुधारात्मक उपाय मानव विकास और निवेश माहौल के क्षेत्र में राज्यों के कार्य निष्पादन को बल देंगे। आयोग द्वारा राज्य राजकोषीय सुधार सुविधा की पुनरीक्षा भी की जाएगी।

3. आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट को 31 जुलाई, 2004 तक दिया जाना अपेक्षित है। ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर आधारित सुपुर्दगी की वर्तमान योजना 31 मार्च, 2005 को समाप्त हो जाएगी। आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि को पूरा करने के उद्देश्य से हमें राज्य सरकारों के विभिन्न मामलों पर त्वरित रूप से अपने विचार एवं सूचना उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है। इस आयोग के सचिव ने आपके मुख्य सचिव को पहले ही एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वे राज्य में वित्त आयोग प्रकोष्ठ का गठन करें और आयोग के लिए आंकड़ा संग्रहण के लिए अनुदेश जारी करें। ब्यौरे-वार प्रोफार्मा, जिसमें आयोग को सूचना की अपेक्षा होगी, सचिव द्वारा शीघ्र ही भेजा जाएगा।

4. मुझे आशा है कि आपकी सरकार के लिए आयोग से संबंधित कार्य को उच्च प्राथमिकता देना संभव होगा, क्योंकि 1 अप्रैल, 2005 से आरंभ पंचवर्षीय अवधि के लिए केन्द्र तथा राज्यों के वित्त साधनों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा तथा मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने अधिकारियों को आयोग द्वारा अपेक्षित पूर्ण सामग्री प्रोफार्मा के परिचालित किए जाने के बाद पूर्णतः तथा त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का अनुदेश दें। यदि किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो आपके अधिकारियों को आयोग के सचिव से संपर्क करने की स्वतंत्रता है।

5. आयोग के विचारार्थ विषयों में निर्दिष्ट विभिन्न मुद्दों पर आपकी सरकार के विचार तथा अनुक्रियाएं प्राप्त करने पर आयोग आपका आभारी होगा। इसके अतिरिक्त, आप यह भी निर्दिष्ट करना चाहेंगे कि आपके विचार में आयोग का सामान्य दृष्टिकोण क्या होना चाहिए।

6. मैं इस संयुक्त प्रयास की प्राप्ति में एक अर्थपूर्ण अंतः क्रिया की आशा करता हूं।

सादर,

आपका,

हस्ताक्षर/-
**(सी. रंगाराजन)**

प्रतिः सभी राज्यों के मुख्यमंत्री (संलग्न सूची के अनुसार)

***अनुबंध 1.14***
**(पैरा 1.13)**

**अ.शा.सं. टीडब्ल्यूएफसी/टीआरओ/1/2002**

26 नवम्बर, 2002

प्रिय,

जैसा कि आपको विदित है, बारहवें वित्त आयोग का गठन 1 नवम्बर, 2002 के राष्ट्रपति के एक आदेश के द्वारा किया गया था। इस संबंध में अधिसूचना की एक प्राप्ति आपके सूचनार्थ संलग्न है।

2. संविधान के संगत उपबंधों के अनुसार, आयोग को निम्नलिखित मामलों पर सिफारिशें करना अपेक्षित है :-

(i) केन्द्र और राज्यों के बीच संविधान के अध्याय I भाग XII के अधीन उनके बीच वितरित किए जाने वाले अथवा वितरित किए जा सकने वाले करों की निवल प्राप्तियों का वितरण और इन प्राप्तियों के सम्बन्धित हिस्सों का राज्यों के बीच आबंटन;

(ii) भारत की समेकित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान तथा संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन, उन प्रयोजनों के अतिरिक्त जिन्हें उस अनुच्छेद के खण्ड (1) के परन्तुकों में विनिर्दिष्ट किया गया है, अन्य प्रयोजनों के लिए उन राज्यों जिन्हें उनके राजस्व के सहायता-अनुदान के रूप में सहायता की आवश्यकता है, को प्रदान की जाने वाली राशि को शासित करने वाले सिद्धान्त; और

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर उस राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की सहायता प्रदान करने के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

3. विगत की भांति, राज्य सरकारों से उन सिद्धान्तों के संबंध में अपने विचार देने का अनुरोध किया जाएगा जो संघ तथा राज्यों के बीच करो की साझेदारी के साथ साथ राज्यों के बीच कर राजस्वों की साझेदारी करेंगे। इसके अतिरिक्त, आयोग उन सिद्धान्तों के पूंजीकरण के संबंध में राज्य सरकारों के विचार प्राप्त करना चाहेगा जो संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत सहायता के जरूरतमंद राज्यों को देने वाले सहायतानुदान को शासित करेंगे। तीसरे, पंचायतों और म्युनिसीपैलिटियों संबंधी सूचना भी आयोग को उपलब्ध कराई जानी होगी।

4. बारहवां वित्त आयोग केन्द्र तथा राज्यों के वित्त साधनों की स्थिति की समीक्षा करने तथा ऐसी योजना का सुझाव देने के लिए अधिदेशित है जिसके द्वारा सरकारें, सामूहिक तथा पृथक रूप से लोक वित्त साधनों की पुनर्सरंचना, बजटीय संतुलन की बहाली करते वृहद् आर्थिक स्थायित्व प्राप्त कर सकती है। इसके साथ, साम्यपूर्ण वृद्धि के साथ ऋण अपचयन प्राप्त करने का अधिदेश जोड़ा गया है। राज्य सरकारों द्वारा इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए राज्य लोक वित्तों की पुनर्सरंचना के लिए किए जाने वाले उपायों पर अपने विचार दिया जाना अपेक्षित है। वित्त साधनों की पुनर्सरंचना, बजटीय संतुलन की बहाली तथा ऋण अपचयन के लिए एक समय ढांचा भी निर्दिष्ट किया जाना होगा।

5. मैं इस बात पर विशिष्ट प्रकाश डालना चाहूँगा कि बारहवें वित्त आयोग के पास अन्य विचारणाओं के साथ न केवल सभी राज्यों तथा केन्द्र के राजस्व खाते की प्राप्तियों और व्ययों को संतुलित करने का उद्देश्य है बल्कि पूंजी निवेश के लिए अतिशेष सृजित करने तथा राजकोषीय घाटे को कम करने का उद्देश्य भी है। इसके अतिरिक्त, कतिपय कुशलतः कारकों यथा प्रयोक्ता प्रभारों का संमजन, निजीकरण या विनिवेश के जरिए प्राथमिकता भिन्न उद्यमों को छोड़ देना तथा कर-स.घ.उ./स.रा.घ.उ. अनुपात को सुधारने के उद्देश्य से संसाधन संग्रहण पर महत्व दिया गया है। राज्यों की ऋण स्थिति से जुड़े विचारार्थ विषय विनिर्दिष्ट करते हैं कि बारहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए सुधारात्मक उपाय मानव विकास तथा निवेश माहौल के क्षेत्र में राज्यों के निष्पादन को महत्व देंगे। राज्य राजकोषीय सुधार सुविधा की समीक्षा भी आयोग द्वारा की जाएगी।

6. जैसा कि आम प्रचलन रहा है, राज्य सरकारों से राज्य सरकारों के संसाधनों और स्थापना संबंधी दायित्वों सहित उनके वचनबद्ध दायित्वों पर आंकड़े उपलब्ध कराना अपेक्षित होगा। तथापि, जहां तक पूंजीगत परिसंपत्तियों के अनुरक्षण और आयोजना परियोजनाओं पर व्यय का संबंध है, वेतन-भिन्न/मजदूरी भिन्न से संबंधित व्यय का स्पष्ट पृथक्करण किया जाना अपेक्षित होगा। इसके अतिरिक्त, आयोग के उपयोग के लिए 2005-10 की अवधि के लिए राजस्व प्राप्तियों और आयोजना और आयोजना-भिन्न राजस्व व्यय के पुर्वानुमानों को तैयार करना होगा।

7. यह स्मरणीय है कि बारहवें वित्त आयोग के ओएसडी ने 3 जून, 2002 के अ.शा. पत्त के माध्यम से सभी प्रमुख सचिवों को संबंधित करके प्रारंभिक सामग्री मंगवाई थी, यथा बजट दस्तावेज, आयोगों/समितियों की रिपोर्ट आदि, जिनका संसाधनों के अंतरणों पर प्रभाव पड़ता है, ग्याहरवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन संबंधी डाटा इत्यादि। राज्य वित्त आयोग की रिपोर्टों की प्रतियां भी पृथक रूप से मंगवाई गईं थी, इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे बारहवें वित्त आयोग के साथ अंतःक्रिया के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति करें।

8. जबकि ब्यौरेवार प्रोफार्मा, जिसमें राज्य सरकारों द्वारा आंकड़े प्रस्तुत किए जाने होंगे, तैयार किया जा रहा है, राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे इस दौरान वित्त आयोग प्रकोष्ठ गठित करने, यदि पहले न किए गए हों तथा पूर्ववर्ती पैराग्राफों में विशिष्ट प्रकाश डाले गए बारहवें वित्त आयोग के विचारार्थ विषयों को ध्यान में रखते हुए ग्याहरवें वित्त आयोग द्वारा परिचालित प्रोफार्मा के आधार पर आंकड़ों के संग्रहण के लिए अनुदेश जारी करें। मैं यह अनुरोध भी करुंगा कि आयोग के साथ अंतः क्रिया के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, यदि ऐसा पहले नहीं किया गया है।

सादर

आपका

हस्ता/-
**(जी.सी. श्रीवास्तव)**

**प्रति :**

राज्य सरकारों के मुख्य सचिव

***अनुबंध 1.15***
**(पैरा 1.14)**

**अ.शा.सं. टीएफसी-11013/2**

20 फरवरी, 2003

प्रिय,

जैसा कि आपको विदित है, बारहवें वित्त आयोग का गठन 1 नवम्बर, 2002 के राष्ट्रपति के एक आदेश के द्वारा किया गया था। इस संबंध में अधिसूचना की एक प्राप्ति आपके सूचनार्थ संलग्न है।

2. संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के अनुसार, आयोग को निम्नलिखित मामलों पर सिफारिशें करना अपेक्षित है :-

(i) केन्द्र और राज्यों के बीच संविधान के अध्याय I भाग XII के अधीन उनके बीच वितरित किए जाने वाले अथवा वितरित किए जा सकने वाले करों की निवल प्राप्तियो का वितरण और इन प्राप्तियों के सम्बन्धित हिस्सों का राज्यों के बीच आबंटन;

(ii) भारत की समेकित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान तथा संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन, उन प्रयोजनों के अतिरिक्त जिन्हें उस अनुच्छेद के खण्ड (1) के परन्तुकों में विनिर्दिष्ट किया गया है, अन्य प्रयोजनों के लिए उन राज्यों जिन्हें उनके राजस्व के सहायता-अनुदान के रूप में सहायता की आवश्यकता है, को प्रदान की जाने वाली राशि को शासित करने वाले सिद्धान्त; और

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर उस राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संशाधनों के सम्पूर्ण के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

3. आप देख सकते हैं कि संवैधानिक अधिदेश के अतिरिक्त, बारहवें वित्त आयोग को केन्द्र और राज्यों की वित्तीय स्थितियों की पुनरीक्षा करना और ऐसी योजना सुझाना अपेक्षित है जिसके द्वारा सरकारें सामूहिक रूप से और अलग-अलग, बजटीय संतुलन को बहाल करते हुए, वृहत आर्थिक स्थिरता लाते हुए लोक वित्त का पुनर्गठन कर सकें। इसमें सम्यक विकास के साथ ऋण में कमी लाने का उद्देश्य जोड़ा गया है, विचारार्थ विषयों में कतिपय दक्षता कारकों पर बल दिया गया है जैसे कि प्रयोक्ता प्रभारों का समायोजन, निजीकरण या विनिवेश के माध्यम से गैर-प्राथमिकता वाले उद्यमों का परित्याग तथा कर-सकल घरेलू उत्पाद/सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सुधार लाने के उद्देश्य से संसाधनों का जुटाव। इसके अतिरिक्त राज्यों की ऋण स्थिति से सम्बन्धित विचारार्थ विषयों में यह विनिर्दिष्ट है कि बारहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए सुधारात्मक उपाय मानव विकास और निवेश माहौल के क्षेत्र में राज्यों के कार्य निष्पादन को बल देंगे। आयोग द्वारा राज्य राजकोषीय सुधार सुविधा की पुनरीक्षा भी की जाएगी।

4. जैसा की आप लोक प्रशासन से सामान्य रूप से एवं लोक वित्त प्रबंध से जुड़े विशिष्ट व्यक्ति होने के नाते निसंदेह इन मुद्दों को विभिन्न पहलुओं से देखेंगे। आयोग आपके इस क्षेत्र में गहन अनुभव का फायदा उठाना चाहता है। इसलिए मैं आभारी हुंगा कि आप कुछ समय इस पर ध्यान देंगे और आयोग के विचारार्थ विषयों के साथ-साथ आपसे जुड़ी गतिविधियों के मुद्दों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

सादर

आपका

हस्ता/-
**(सी. रंगराजन)**

**सेवा में,**

केन्द्र सरकार के काबिना मंत्रीगण

***अनुबंध 1.16***
**(पैरा 1.14)**

**अ.शा.सं. टीएफसी-11013/2**

03 फरवरी, 2003

**प्रिय,**

जैसा कि आपको विदित है, बारहवें वित्त आयोग का गठन 1 नवम्बर, 2002 के राष्ट्रपति के एक आदेश के द्वारा किया गया था। इस संबंध में अधिसूचना की एक प्राप्ति आपके सूचनार्थ संलग्न है।

संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंधों के अनुसार, आयोग को निम्नलिखित मामलों पर सिफारिशें करना अपेक्षित है :-

(i) केन्द्र और राज्यों के बीच संविधान के अध्याय I भाग XII के अधीन उनके बीच वितरित किए जाने वाले अथवा वितरित किए जा सकने वाले करों की निवल प्राप्तियो का वितरण और इन प्राप्तियों के सम्बन्धित हिस्सों का राज्यों के बीच आबंटन;

(ii) भारत की समेकित निधि में से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान तथा संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन, उन प्रयोजनों के अतिरिक्त जिन्हें उस अनुच्छेद के खण्ड (1) के परन्तुकों में विनिर्दिष्ट किया गया है, अन्य प्रयोजनों के लिए उन राज्यों जिन्हें उनके राजस्व के सहायता-अनुदान के रूप में सहायता की आवश्यकता है, को प्रदान की जाने वाली राशि को शासित करने वाले सिद्धान्त; और

(iii) राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर उस राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संशाधनों के सम्पूर्ण के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

आप देख सकते हैं कि संवैधानिक अधिदेश के अतिरिक्त, बारहवें वित्त आयोग को केन्द्र और राज्यों की वित्तीय स्थितियों की पुनरीक्षा करना और ऐसी योजना सुझाना अपेक्षित है जिसके द्वारा सरकारें सामूहिक रूप से और अलग-अलग, बजटीय संतुलन को बहाल करते हुए, वृहत आर्थिक स्थिरता लाते हुए लोक वित्त का पुनर्गठन कर सकें। इसमें सम्यक विकास के साथ ऋण में कमी लाने का उद्देश्य जोड़ा गया है, विचारार्थ विषयों में कतिपय दक्षता कारकों पर बल दिया गया है जैसे कि प्रयोक्ता प्रभारों का समायोजन, निजीकरण या विनिवेश के माध्यम से गैर-प्राथमिकता वाले उद्यमों का परित्याग तथा कर-सकल घरेलू उत्पाद/सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सुधार लाने के उद्देश्य से संसाधनों का जुटाव। इसके अतिरिक्त राज्यों की ऋण स्थिति से सम्बन्धित विचारार्थ विषयों में यह विनिर्दिष्ट है कि बारहवें वित्त आयोग द्वारा सुझाए गए सुधारात्मक उपाय मानव विकास और निवेश माहौल के क्षेत्र में राज्यों के कार्य निष्पादन को बल देंगे। आयोग द्वारा राज्य राजकोषीय सुधार सुविधा की पुनरीक्षा भी की जाएगी।

आयोग अधिसूचना में शामिल विचारार्थ विषयों और विचार के मुद्दों पर आपके मंत्रालय/विभाग के विचार जानना चाहेगा। आयोग को 31 जुलाई 2004 तक अपनी रिपोर्ट देनी अपेक्षित है और इसे बहुत सीमित समय में अपना कार्य पूरा करना है, अतः आपसे अनुरोध है कि आपके मंत्रालय/विभाग के विचार 15 अप्रैल 2003 तक भेज दिए जाएं। कृपया यह भी सूचित करें कि क्या आप/आपका मंत्रालय आयोग के समक्ष कोई मौखिक प्रतिवेदन देना चाहेंगे।

सादर

आपका

हस्ता/-
**(डा. जी.सी. श्रीवास्तव)**

**सेवा में,**

केन्द्र सरकार के मंत्रालयों / विभागों के सचिव

**संलग्न :** यथोक्त

***अनुबंध 1.17***
(पैरा 1.14)

**केन्द्रीय सरकार के विभाग/मंत्रालय जिन्होंने TOR पर अपने विचार/सुझाव दिए**

**मंत्रिमण्डल सचिवालय**
**योजना आयोग**
**कृषि मंत्रालय**
शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग
**कृषि एवं ग्रामीण उद्यम मंत्रालय**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग
उर्वरक विभाग
**नागर विमानन मंत्रालय**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
वाणिज्य विभाग
**संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
दूरसंचार विभाग
डाक विभाग
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
**उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**
खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग
उपभोक्ता मामले विभाग
**संस्कृति मंत्रालय**
**रक्षा मंत्रालय**
रक्षा उत्पाद एवं वितरण विभाग
रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग
**पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विकास विभाग**
**विनिवेश मंत्रालय**
**पर्यावरण एवं वन मंत्रालय**
**वित्त एवं कंपनी कार्य मंत्रालय**
कंपनी कार्य विभाग (डीसीए)
आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
परिवार कल्याण विभाग
**भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय**
भारी उद्योग विभाग
**गृह मंत्रालय**
पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)
फोरेसिंक विज्ञान निदेशालय
अन्वेषण ब्यूरो
अंतर्राज्यीय काउंसिल
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
साक्षरता एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**
**श्रम मंत्रालय**
**विधि एवं न्याय मंत्रालय**
विधायी विभाग
न्याय विभाग
**खान मंत्रालय**
**अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय**
**कार्मिक, जन कल्याण एवं पेंशन मंत्रालय**
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
**पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय**
**ऊर्जा मंत्रालय**
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
**जहाजरानी मंत्रालय**
**अंतरिक्ष मंत्रालय**
**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**इस्पात मंत्रालय**
**कपड़ा मंत्रालय**
**पर्यटन मंत्रालय**
**जनजाति कार्य मंत्रालय**
**जल स्त्रोत मंत्रालय**
**युवा मामले एवं खेल मंत्रालय**

*अनुबंध 1.18*
(पैरा 1.16)

## राज्यों के दौरों के दौरान आयोग की बैठक में भाग लेने वाले

**1. आंध्र प्रदेश (21-22 अगस्त, 2..3)**

**राज्य सरकार के प्रतिनिधि**

| क्र.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | एन. चन्द्रबाबू नायडू | मुख्यमंत्री |
| 2. | वाई. रामकृष्ण नायडू | वित्त मंत्री |
| 3. | सी. मुत्यम रेड्डी | लोक वितरण मंत्री |
| 4. | एस. शिवराम राजू | इंडोमेंट मंत्रालय |
| 5. | के. श्रीनिवास गौड | ईसी तथा बी मंत्रालय |
| 6. | एन. किसटाप्पा | एएच तथा डीडी मंत्रालय |
| 7. | के. विद्याधर राव | मेजर इंडस्ट्रीज मंत्रालय |
| 8. | वी.सोभनाड्रेसवारा राव | कृषि मंत्रालय |
| 9. | के. विजया रामा राव | व्यावसायिक कर मंत्रालय |
| 10. | एस. चन्द्र मोहन रेड्डी | आई तथा पीआर मंत्रालय |
| 11. | डा. एन. जनार्दन रेड्डी | पीआर तथा आरडी मंत्रालय |
| 12. | टी. देवेन्द्र गौड़ | गृह मंत्रालय |
| 13. | बाबू मोहन | श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय |
| 14. | जे. रामबाबू | विशेष मुख्य सचिव, सड़क परिवहन, आर तथा बी |
| 15. | एन. रामचन्द्र राव | मुख्य अभियंता, एपी पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन |
| 16. | आर. सी. कुमार | सचिव तथा महाप्रबंधक(वित्त), एपी पुलिस हाउसिंग |
| 17. | डी.के. पवार | प्रमुख सचिव, पीई विभाग |
| 18. | एम.ए. बासिथ | डीजी, प्रिसन्स |
| 19. | जानकी आर. कन्डापि | प्रमुख सचिव, टीआर तथा बी |
| 20. | तिसमा चटर्जी | प्रमुख सचिव, ईएफएसटी |
| 21. | एस. के. दास | प्रमुख मुख्य कंसरवेटिव ऑफ फारेस्ट, एपी |
| 22. | मनमोहन सिंह | कमिश्नर स्कूल एजुकेशन, एसपीडी विभाग, निदेशक, वयस्क शिक्षा । |
| 23. | ए. गिरधर | परिवहन कमिश्नर |
| 24. | एम. वीरभद्र | आईजी, रजिस्ट्रेशन तथा स्टाम्प |
| 25. | अश्वनी कुमार परीदा | योजना सचिव |
| 26. | एन. रमेश कुमार | कमिश्नर व्यावसायिक कर |
| 27. | डी. सी. रोशाय | सचिव, राजस्व |
| 28. | आशुतोष मिश्रा | राहत आयुक्त |
| 29. | डा. जे. सी. मोहन्ती | प्रमुख सचिव, आईटी तथा सी |
| 30. | ए. के. तिगदी | प्रमुख सचिव, गृह |
| 31. | डा. के. अंजी रेड्डी | कमिश्नर, एपीवीवीपी तथा डीजीएम तथा एचएस |
| 32. | ई. उमा महेश्वर राव | जुनियर रजिस्ट्रार, एओपी उच्च न्यायालय |
| 33. | के. जी. शंकर | सचिव, एलए तथा जे |
| 34. | पी. रमैया | निदेशक, स्टेट आडिट |
| 35. | पी. जी. रेड्डी | उप निदेशक, आर्कियोलॉजी तथा म्यूजियम विभाग |
| 36. | डा. एम. लक्ष्मी प्रसाद राव | निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेन्टिव मेडिसिन, एपी |
| 37. | डा. सुश्री सुचित्रा मूर्ति | अपर निदेशक,इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेन्टिव मेडिसिन, एपी |
| 38. | के. लक्ष्मणियन | ईएनसी, एपीएचएमएचआईडीसी |
| 39. | आर. शैलजा | उप सचिव, एमएच तथा एफडब्ल्यु विभाग तथा निदेशक, मेडिसिन एजुकेशन |
| 40. | डा. जी. सारीनाथ | अपर डीएमई |
| 41. | पी. नारासाह | उप निदेशक (रिलिफ) |
| 42. | देबव्रत कांथ | कमिश्नर, पीआर तथा आरई |
| 43. | के. सिद्धाथ गौतम | उप सचिव, पीआर |
| 44. | आर. पी. सिंह | वीसी तथा एमडी, एपीएसआरटीसी |
| 45. | सरोजा रामाराव | निदेशक, डीईएस |
| 46. | बी. वी. शिवानागा कुमारी | कमिश्नर आई/सी आर्कियोलॉजी तथा म्युजियम |
| 47. | पी. सी. पारेख | सीसीएलए |
| 48. | भारत चन्द्रा | प्रमुख सचिव, गृह |
| 49. | आर. आर. गिरिश कुमार | अपर डीजीपी (पी तथा सी) |
| 50. | एस. आर. सुकुमारा | डीजी पुलिस |
| 51. | ए. के. गोयल | प्रमुख सचिव, एमए तथा यूडी विभाग |
| 52. | वाई. श्रीलक्ष्मी | निदेशक, एमए तथा यूडी विभाग |
| 53. | के. राजू | सचिव, आई तथा सीडी |
| 54. | रचेल चटर्जी | सीएमडी, एपीटीआरएएनएससीओ |
| 55. | चित्रारामा चन्द्रन | कमिश्नर, एमसीएच |
| 56. | एम. सैमुअल | प्रमुख सचिव, पीआर तथा आरडी विभाग |
| 57. | हुसैन | प्रमुख सचिव, ऊर्जा |
| 58. | जी. सुधीर | प्रमुख सचिव, उच्चतर शिक्षा |
| 59. | वी. नागी रेड्डी | सचिव (पीआर तथा आरडी) |
| 60. | चन्द्रन खान | प्रमुख सचिव, पर्यटन |
| 61. | आई. वाई. आर. कृष्णा राव | प्रमुख सचिव (वित्त) |
| 62. | एम. छाया रतन | प्रमुख सचिव, एमएच तथा एफडब्ल्यु |

**स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पी. वेंकटनारायण | निगम चेयरपर्सन, नालगोंडा |

| क्र.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 2. | वी. वी. पिछाया | एम. पी. पी. |
| 3. | के. पिछाया | सदस्य, तीसरा राज्य वित्त आयोग |
| 4. | प्रो. डी. एल. नारायण | चेयरमैन, तीसरा राज्य वित्त आयोग |
| 5. | पी. जयन्ती | निगम चेयरपर्सन, श्रीकाकुलम |
| 6. | चौ. विजय कुमार | अध्यक्ष, चेयरपर्सन का चैम्बर, मिरयालागुड म्युनिसिपलिटी |
| 7. | टी. कृष्णा रेड्डी | मेयर, हैदराबाद |
| 8. | वाई. श्रीलक्ष्मी | निदेशक, एमए तथा यूडी |
